# जंबो कार्यकारिणी के बावजूद राहुल गांधी के समर्थन में नहीं जुटी भीड़

## एआईसीसी के आव्हान पर शहीद स्मारक पर हुए मौन सत्याग्रह में प्रभारी, सह प्रभारियों सहित बड़े नेता जुटे, लेकिन टेंट पूरा नहीं भर पाया



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से जयपुर के शहीद स्मारक पर मौन सत्याग्रह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश सुखजिन्दर सिंह रंधावा, उड़ीसा के प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास सहित कई अन्य मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समर्थन देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से जयपुर के शहीद स्मारक पर मौन सत्याग्रह में मुख्यमंत्री को छोड़कर कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे, लेकिन 2 दिन पहले बनी प्रदेश कांग्रेस की 190 सदस्य कार्यकारिणी और 25 जिला अध्यक्षों ने पद हासिल करने के तुरंत बाद जता दिया कि उन्होंने सिर्फ नाम के लिए पद

**■ पायलट बोले, ''मेरे मुद्दों पर पार्टी और सरकार सहमत''**

लिए हैं, भीड़ लाने के लिए नहीं। स्थिति यह रही कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, तीनों सह प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित मंत्री, विधायक और बड़े नेता मौजूद रहे, इसके बावजूद शहीद स्मारक पर आधे हिस्से में लगाया गया टेंट भी पूरा नहीं भर पाया। इसका मतलब बहुत स्पष्ट है कि जिन लोगों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पदाधिकारी बनाया है, उनमें से कोई भी अपने साथ भीड़ लेकर नहीं आया।

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी आने के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने दावा किया था कि काम करने वाले और जमीनी लोगों को ही मौका दिया गया है। उनके बयान के अगले दिन ही राहुल गांधी के समर्थन में किए गए मौन सत्याग्रह में डोटासरा की बात उन्हीं की ओर से बनाए गए पदाधिकारियों ने खराब करवाई। पहले तो प्रदेश कांग्रेस की ओर से शहीद स्मारक पर आधे से भी कम हिस्से में टेंट लगवाया गया। वह टेंट भी आधा ही भर पाया।

यहां मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा हमेशा ही इंसाफ की गुहार लगती है। पहले हम भगवान से मांगते हैं, दूसरी बार हम अदालत से इंसाफ मांगते हैं। राहुल गांधी को भगवान से और अदालत से जरूर इंसाफ मिलेगा। अवमानना के मामले में पहली बार किसी को इतनी बड़ी सजा दी गई है। पंजाब में तो हमारे बहुत चलता रहता है। केजरीवाल ने क्या-क्या नहीं बोल दिया। जिस तरह की सजा राहुल गांधी को दी गई है, वह न किसी को मिली और न मिलेगी। राहुल की जुबान बंद करने का नतीजा बीजेपी ने कर्नाटक, हिमाचल में देख लिया है। रंधावा ने कहा कि दुनिया की सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी के नेता की आवाज बंद करना, इतिहास में पहली बार हुआ है। 1978 में भी जनता दल की सरकार ने इंदिरा गांधी को जेल में भेजा था। बाद में उसका उतना ज्यादा रिएक्शन हुआ। राहुल गांधी को पार्लियामेंट में बोलने से रोकने के लिए सब किया गया। यह देश की जनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

इधर सुलह बैठक तथा लंबे अंतराल के बाद सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित किसी कार्यक्रम में पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट बोले कि पेपर लीक पर मेरे उठाए गए मुद्दों पर पार्टी और सरकार में सहमति है। सरकार जल्द ही एक कानून लाया जाएगा, ताकि लोगों पर कार्रवाई हो। मैंने पेपर लीक और आरपीएससी के मेंबर्स की नियुक्ति पर बात रखी थी।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी और केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि इन्होंने अति कर दी है। इस देश की जनता अति को बर्दाश्त नहीं करती है। राहुल गांधी पर देश की छवि खराब करने के बीजेपी के आरोपों पर पलटवार करते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि देश की छवि तो तब खराब हुई, जब अमेरिका में जाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यकर्ता की तरह अगली बार ट्रंप सरकार का नारा दिया।

मौन सत्याग्रह में उड़ीसा के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी राजस्थान के तीनों सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन, वीरेंद्र चौधरी, मंत्री डॉ बी डी कल्ला, डॉ महेश जोशी, रमेश मीणा, सुखराम बिश्नोई, अशोक चांदना, मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ राजकुमार शर्मा, महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज, केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र गहलोत, विधायक आलोक बेनीवाल, रफीक खान सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में सप्तशक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# राजनैतिक संरक्षण में पनप रहा प्रदेश में अपराध : सी.पी.जोशी

## 'भरतपुर हत्याकांड में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भरतपुर में भाजपा के मंडल अध्यक्ष की हत्या के आरोपी की पुलिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या के मामले को संदिग्ध बताया। उन्होंने कहा कि ''आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर'' के पुलिस स्लोगन का प्रदेश में कोई अर्थ रहा नहीं है। प्रदेश के मौजूदा हालातों में आमजन में डर है और अपराधियों में विश्वास पैदा हुआ है। इस तरह के गंभीर अपराध किसी आका की सरपरस्ती के बिना नहीं पनप सकता। भरतपुर के मर्डर कांड में पुलिस की भूमिका भी पूरी तरह संदिग्ध बनी हुई है। जिसमें मर्डर क्यों हुआ, किसका हुआ, मृतक कहां जा रहा था, क्या वह गवाही देने वाला था। स्वाभाविक है, कि गवाही में किसी बड़े आदमी का नाम सामने आने वाला था। तो क्या इसी वजह से उसकी आवाज बंद कर दी गई।

जोशी ने कहा कि हो सकता है यह मर्डर किसी सोची समझी रणनीति के तहत

**■ प्रदेश में ना कानून है, ना ही प्रशासनिक व्यवस्था : राजेन्द्र राठौड़**

किया गया हो। मर्डर का आरोपी केवल ट्रिगर दबाने वाला था, उसका आका कोई और था। मुख्य आरोपी का नाम भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या में ना आए इसलिए आज यह हत्या हुई है। जोशी ने कहा कि यह कोई बड़ा षडयंत्र हो सकता है। प्रदेश का गृहमंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री गहलोत को सोचना चाहिए कि उनकी सरकार के संरक्षण में किस प्रकार से राजस्थान में अपराध पनप रहा है। इस तरह की घटनाओं में कहीं न कही राजनीति और अपराध का गठजोड़ साफ दिखाई देता है। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भरतपुर हत्याकांड पर कहा कि प्रदेश में ना कानून है, ना ही प्रशासनिक व्यवस्था है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साढ़े 4 वर्ष तक राजस्थान को पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं दिया पुलिस की लापरवाही और पुलिस के टूटते इकबाल से भरतपुर की घटना घटित हुई है। राठौड ने पूरे घटनाक्रम पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस कस्टडी में और 6-6 गार्डों की मौजूदगी में रोडवेज की बस में हार्डकोर अपराधी को लेकर आना और उसकी हत्या होना यह घोर लापरवाही है। यदि इस प्रकार की धमकी या खतरा था तो पुलिस ने पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए। राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि भरतपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या के मुख्य आरोपी की पुलिस कस्टडी में इस तरह हत्या होना, गहलोत सरकार की मंशा पर सवाल खडा करता है। राठौड़ ने कहा कि किसके इशारे पर, और किसको बचाने के लिए इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। इस हत्याकांड में पुलिस की कार्यशैली पूरी तरह संदेहास्पद और सवालों के घेरे में है।

## अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए बैठक

जयपुर। प्रदेश में नए हॉस्पिटल खोलने या संचालित हॉस्पिटल्स के लिए समय-समय पर विभिन्न विभागों से जारी किए जाने वाले आवश्यक प्रमाण पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र सिंगल विंडो सिस्टम से जारी किए जाने के लिए शुरुआत किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि हितधारक विभिन्न विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र व एनओसी की सुची, इसमें लिए जाने वाला मेटाडाटा, इत्यादि जरूरी कार्यवाहियों की जानकारी संबंधित विभागों से आगामी 5 दिवसों में भिजवाने के लिए कहा है।

## सी.आई.आई. प्रतिनिधि मंडल इंडोनेशिया पहुंचा .

**जयपुर**, (का.सं.)। ''इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण, कागज, खनन, अपशिष्ट प्रबंधन, चिकित्सा और स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों से एक वरिष्ठ स्तर का उद्योग प्रतिनिधिमंडल व्यावसायिक अवसर तलाशने के लिए 11 से 14 जुलाई तक इंडोनेशिया का दौरा कर रहा है।'' सीआईआई राजस्थान स्टेट काउंसिल के मिशन लीडर और चेयरमैन अभिनव बांठिया ने यह बात कही। जकार्ता में सीआईआई का आठवां अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय भारतीय कंपनियों को बाजार की जानकारी, अवसरों को उजागर करना, साझेदार ढूंढना, मैचमेकिंग, व्यापार मेलों में भागीदारी, निवेश सत्र, सेमिनार आदि में सहायता करके इंडोनेशिया के साथ सहयोग करने में सहायक रहता है।

## युवा मोर्चा 18 को आर.पी.एस.सी. का करेगा घेराव : अंकित चेची

**जयपुर**। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।

चेची ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदेश का युवा पेपर लीक की घटनाओं से निराश है, और युवाओं में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। युवा विरोधी कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार ने युवाओं से वादाखिलाफी की।

वहीं कांग्रेस सरकार की सरपरस्ती में रीट भर्ती परीक्षा, कांस्टेबल भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती, हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती सहित दर्जनभर से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए है। गहलोत सरकार की हठधर्मिता के आगे राजस्थान का युवा लाचार है। भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान के युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने के लिए कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ आगामी 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएससी कार्यालय का घेराव करेगा। इस युवा आक्रोश महाघेराव में राजस्थान के सभी जिलो से युवा भाग लेंगे।

# कर्नल वीरेंद्र कुमार ने किया राजस्थान बटालियन एन.सी.सी. का निरीक्षण



प्रथम राजस्थान बटालियन एन.सी.सी. कैडेट्स ने बुधवार को जयपुर ग्रुप कमांडर वीरेंद्र कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार ने आज प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी का वार्षिक निरीक्षण किया। प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल जितेंद्र सिंह जयपुर द्वारा जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार का गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिनंदन किया।

प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी कैडेट्स द्वारा जयपुर ग्रुप कमांडर वीरेंद्र कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जयपुर ग्रुप कमांडर वीरेंद्र कुमार ने एन सी सी कैडेट्स दी जा रही ट्रेनिंग के विषय में बातचीत की उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र सिंह को ब्रिफिंग के दौरान कर्नल जितेंद्र सिंह प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी के अंतर्गत आने वाले सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के करीब 28 उच्च माध्यमिक विद्यालयों ओर 17 महाविद्यालयों में चल रही करीब 3000 एन सी सी कैडेट्स की सहशैक्षिक गतिविधियों ओर उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस एस नाथावत उनके साथ थे। जयपुर ग्रुप कमांडर को ब्रीफिंग के दौरान कैडेट्स फुट ड्रिल, आर्म्स ड्रिल, गार्ड ऑफ ऑनर,चांदमारी ,हथियारों का प्रशिक्षण ,सैनिक मानचित्र, स्मॉल आर्म्स, मैप रीडिंग आदि विषयों के बारे में चर्चा की गई।

जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार ने प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी के ऑफिस ,स्टोर ,कोथ,कैंटीन,बैरक, परिसर आदि का निरीक्षण किया। एन सी सी के विद्यालयों और महाविद्यालयों से आये सहयोगी एन सी सी अधिकारियों, बटालियन के सूबेदार ,स्टाफ एवं सिविल से मुलाकात किया। ग्रुप कमांडर विद्यालय और महाविद्यालय के सहयोगी एन सी सी अधिकारियों से चल रही है एन सी सी की गतिविधियों का जानकारी प्राप्त की और बताया कि राजस्थान के विकास के लिए एन सी सी में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है एन सी सी अधिकारी इस विषय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें कैडेट्स को प्रोत्साहित कर उनके सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

## राज्यपाल से लेफ्टि जनरल राजू की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में सप्तशक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर**। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जुबेर आलम को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म जैसा गंभीर अपराध किया है। वहीं यदि इसमें पीड़िता की सहमति भी होती तो भी यह दुष्कर्म की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

इसके अलावा डीएनए जांच से भी साबित है कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि पीड़ित पक्ष और अभियुक्त एक मकान में अलग-अलग कमरे में किराए से रहते थे। जबकि अभियुक्त की पत्नी अपने पांच बच्चों के साथ गांव में रहती है।

## सिल्वन जैव विविधता परियोजना का जल्द लोकार्पण

जयपुर, 12 जुलाई। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2021-22 को मूर्त रूप देने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आगरा रोड पर लगभग 113 हैक्टेयर भूमि पर सिल्वन जैव विविधता वन का विकास किया गया है, जिसका लोकार्पण स्वतंत्रता दिवस के दिन कर आमजन को सौगात दी जायेगी।

जयपुर विकास आयुक्त डॉ. जोगा राम ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुरूप एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में जयपुर विकास प्राधिकरण व वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से घाट की गुणी, आगरा रोड से लगभग 5 कि.मी. दूर स्थित सुमेल रोड पर वन विभाग की करीब 113 हैक्टेयर भूमि पर सिल्वन जैव विविधता वन विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि मीलों तक बसी हुई आबादी एवं कॉलोनियों को फायदा मिलेगा, शुद्ध वायु मिलेगी, ऑक्सीजोन विकसित होगा।

## साइबर ठगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**जयपुर**। माणक चौक थाना इलाके में कुछ दिनों पहले हुए युवक की आत्महत्या करने के मामले में एक नया मोड़ आया है। पीड़ित पिता ने सुसाइड़ नोट और मोबाइल फोन में मिले मैसेज के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी कर लाखों रूपए ऐंठने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अर्पित कासलीवाल (25) ने 1 मई को अज्ञात कारणों के चलते फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। जिसके दो महिने बाद अनन्त कासलीवाल ने अपने बेटे का लैपटॉप संभाला तो उसके अन्दर से सुसाइड़ नोट मिला। जिसमें कुछ साइबर ठगों ने अर्पित ने चार लाख तैतीस हजार रूपए ऑन लाईन ट्राजेक्शन करवाने की बात लिखी हुई थी। पीड़ित पिता ने जब मृतक की चैट देखी तो उसमें डेटा क्रेप्ट होने और रिकवरी के लिए पांच लाख रुपए की बात लिखी देखी।

## राजकीय अल्पसंख्यक छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

जयपुर, 12 जुलाई। राजस्थान सरकार के अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जयपुर जिले में संचालित बालक एवं बालिका छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। पात्र एवं इच्छुक आवेदक 30 जुलाई तक तक अपना आवेदन मय वांछित दस्तावेज जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शकील अहमद ने बताया कि कक्षा 9 एवं उससे उच्चत्तर कक्षा में जयपुर शहर के किसी भी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान में नियमित अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग (जैन, सिख, मुस्लिम, बौद्ध, ईसाई, पारसी) के विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र 30 जुलाई तक जमा करवा सकते हैं।

## सार-समाचार

### 'जल जीवन मिशन के लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें अधिकारी'

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला परिषद कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) शंकर लाल सैनी ने जयपुर जिले में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और डिस्कॉम के अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन करें, ताकि योजना के तहत जिले को मिले लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सके। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव रमेश चन्द मीना ने जानकारी दी कि जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 53.87 फीसदी कवरेज हासिल किया जा चुका है जबकि प्रदेश का कुल औसत 40.70 प्रतिशत है। जयपुर जिले के कुल 6 लाख 18 हजार 849 परिवारों में से कुल 3 लाख 33 हजार 344 परिवारों को क्रियाशील कनेक्शन का लाभ दिया जा चुका है। शेष 2 लाख 85 हजार 505 परिवारों को मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से हर घर नल कनेक्शन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

### श्रुत पंचमी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा श्रुत पंचमी के अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे देश के विभिन्न भागों -बूंदी, कोटा, भीलवाड़ा, झालावाड़, जयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर, नीमच, ओरंगाबाद, हैदराबाद, खरगोन, गुलबर्गा, सनावन, बाराबंकी, विदिशा, पूना, मनाली, दिल्ली, चांदखेड़ी, सागर, विजयनगर, हरिद्वार, जबलपुर, गुरुग्राम, इंदौर, लखनऊ, बिलासपुर आदि स्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लेने में अपनी रुचि दर्शाई। प्रतियोगितायें प्रथम स्थान पर प्रेमलता जैन, सुखदा, द्वितीय स्थान पर आरती (डोली) जैन, चित्रांशु जैन, तृतीय स्थान पर गुणमाला, लता जैन, मुकेश जैन, अनिता, कल्पना, प्रेरणा, कांता पहाड़िया, चातुर्मास के दौरान विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आगाज कल से

**जयपुर**, 12 जुलाई। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का तीसरा संस्करण 14 जुलाई से 16 जुलाई तक आयोजित होगा। 14 जुलाई की शाम को, सभी विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, डेलिगेट्स को आमेर फोर्ट का अद्भुत अनुभव प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें आमेर में साउंड एंड लाइट शो देखने का भी मौका मिलेगा। अगले दिन, 15 जुलाई को आरडीटीएम का आधिकारिक उद्घाटन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में सुबह 10 बजे राजस्थान सरकार के पर्यटन मंत्री, विश्वेंद्र सिंह और प्रमुख सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड़ द्वारा किया जाएगा। फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर), अध्यक्ष, अपूर्व कुमार; प्रेसिडेंट ऑनर, एफएचटीआर, भीम सिंह; इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए), अध्यक्ष, रणधीर विक्रम सिंह मंडावा, एफएचटीआर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो), अध्यक्ष, महेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और एफएचटीआर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

### आईएनआईएफडी ने अपना नया परिवार लांच किया

**जयपुर**, (का.सं.)। आईएनआईएफडी जयपुर ने 1 जुलाई को मानसरोवर, जयपुर में अपना नया और अत्याधुनिक परिसर लॉन्च किया। कमला पोद्दार ग्रुप ''आईएनआईएफडी जयपुर'' की सफलता की यात्रा के 25वें वर्ष की पूर्व संध्या पर छात्रों ने वार्षिक प्रदर्शनी 2023 ''एसएटीएटी'' में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रकृति के तत्वों आकाश, पृथ्वी और महासागर का उपयोग करके जीवन निरंतरता की थीम पर। रचनात्मक, पुनर्चक्रित और पुनर्नवीनीकरण उत्पादों के माध्यम से चित्रित माहौल, जिसने याद दिलाया कि हर चीज में जन्म, विकास, मृत्यु और पुनर्जन्म का एक चक्र होता है। प्रतिष्ठित अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों और छात्रों ने प्रदर्शनी देखी। आईएनआईएफडी 3 महाद्वीपों में स्थापित डिजाइन संस्थानों का सबसे बड़ा वैश्विक नेटवर्क है, इसने इंटीरियर और फैशन डिजाइन के क्षेत्र में पूरे भारत में 180 केंद्रों के साथ डिजाइन शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाई है।